**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 1088**
**सोमवार, 29 जुलाई, 2024/7 श्रावण, 1946 (शक)**

## वित्त वर्ष 2024 में रोजगार

**1088. श्री भर्तहरि महताब:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि भारत में वित्त वर्ष 2024 में लगभग 4.7 करोड़ नौकरियों का सृजन किया गया है;

(ख) वित्त वर्ष 2024 में जिन क्षेत्रों में रोजगार सृजित किए गए हैं, उनका ब्यौरा क्या है; और

(ग) वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में उच्च रोजगार वृद्धि के क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा करंदलाजे)**

(क) से (ग): भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नवीनतम केएलईएमएस डेटा के अनुसार, देश में रोजगार वर्ष 2017-18 में 47.15 करोड़ की तुलना में वर्ष 2023-24 में बढ़कर 64.33 करोड़ हो गया। वर्ष 2023-24 के दौरान आरबीआई ने वर्ष 2022-23 की तुलना में 4.67 करोड़ की अनंतिम रोजगार वृद्धि का अनुमान लगाया गया है।

क्षेत्र-वार रोजगार के आँकड़े आरबीआई की ओर से वर्ष 2022-23 तक जारी किए गए हैं।

रोजगार सृजन के साथ रोजगार क्षमता में सुधार सरकार की प्राथमिकता है। तदनुसार, भारत सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों सहित देश में रोजगार पैदा करने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं।

भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालय/विभाग जैसे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय आदि विभिन्न रोजगार सृजन योजनाएं/कार्यक्रम कार्यान्वित कर रहे हैं जैसे प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस), पं. दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई), ग्रामीण स्व-रोजगार और प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई), दीन दयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम), प्रधान मंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई), उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन योजना आदि। भारत सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न रोजगार सृजन योजनाओं/कार्यक्रमों के विवरण को https://dge.gov.in/dge/schemes_programmes पर देखा जा सकता है।

*****